### एक नजर में

## पेट्रोल बम कांड के आरोपी पुलिस की पकड़ से बाहर

**इंदौर**. कनाड़िया रोड स्थित वाइन शॉप के पास पान दुकान पर हुए पेट्रोल बम हमले के आरोपियों तक पुलिस अब तक नहीं पहुंच सकी है. सीसीटीवी फुटेज खंगालने और संभावित ठिकानों पर दबिश देने के बाद भी पुलिस खाली हाथ है. घटना को 24 घंटे से ज्यादा समय बीतने के बावजूद हमलावरों का कोई ठोस सुराग नहीं लग पाया है. कनाड़िया थाना क्षेत्र में हुई इस सनसनीखेज घटना में गाड़ी से आए दो युवकों ने पान की दुकान को निशाना बनाकर पेट्रोल बम फेंका था. उस वक्त दुकानदार दुकान पर ही मौजूद था, लेकिन उसने सतर्कता दिखाते हुए किसी तरह खुद को बचा लिया. हमले के बाद दुकान में आग लग गई थी, जिसे बाद में काबू में किया गया. घटना के तुरंत बाद वाहन सवार आरोपी मौके से फरार हो गए थे. सूचना पर पहुंची पुलिस ने मौका मुआयना किया और आसपास के इलाकों में लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले. हालांकि अब तक जांच में कोई ऐसा पुख्ता इनपुट सामने नहीं आया है, जिससे आरोपियों की पहचान और गिरफ्तारी हो सके. पीड़ित दुकानदार की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है. बयान में उसने हमले के पीछे पुरानी रंजिश की आशंका जताई है और एक पूर्व परिचित का नाम भी पुलिस को बताया है, जो पहले शराब दुकान के अहाते में काम करता था. इसी रंजिश के चलते वारदात को अंजाम दिए जाने की आशंका पुलिस भी जता रही है. कनाड़िया थाना प्रभारी सहर्ष यादव का कहना है कि संभावित ठिकानों पर लगातार दबिश दी जा रही है और संदिग्धों से पूछताछ भी की जा रही है, लेकिन फिलहाल आरोपी फरार हैं. पुलिस का दावा है कि जल्द ही मामले का खुलासा कर आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा.

## कैंसर पीड़ितों को नि:शुल्क दवा का वितरण



**इंदौर**. विगत 20 वर्षों से प्रतिदिन 5 घंटे कैंसर पीड़ितों की निशुल्क सेवा कर रहे 82 वर्षीय वरिष्ठ समाजसेवी रमेश दोशी को सुभाषचौक मित्र मंडल ने सहयोग राशि भेंट कर उनका शाल श्रीफल से सम्मान किया. इस धनराशि का उपयोग कैंसर जैसी खतरनाक बीमारी से जूझ रहे पीड़ितों की दवाई एवं उनके परिजनों को आने- जाने मे लगने वाला खर्च, बच्चों की पढाई एवं राशन में खर्च होगा. जो कैंसर पीड़ित मरीज हास्पिटल नहीं आ सकते सकते उनकी घर जाकर दवा वितरण का कार्य कर रहे है, ऐसे सेवाभावी रमेश दोषी का सम्मान जिनेश्वर जैन अध्यक्ष अ.भा.श्वे.जैन सोश्यल ग्रुप फेडरेशन के नेतृत्व में किया गया. इस अवसर पर संजय नाहर, दिलीप वोरा, विजय जैन, अनिल जैन, रमेश चौकसे व मनोज संचेती विशेष रूप से उपस्थित थे. योगेंद्र सांड ने बताया कि इस हॉस्पिटल में प्रदेश भर से रोजाना 150 के लगभग ऐसे मरीज इलाज के लिए आते है जिनकी आर्थिक एवं सामाजिक स्थिति बड़ी दयनीय होती है. यहाँ तक कि उनके पास न पैसे होते है और ना अन्य साधन. ऐसे पीड़ितों की दिल से निशुल्क सेवा करते है रमेश दोशी.

## स्वस्थ दंत मुख अभियान आयोजित




**इंदौर**. दांत मोती से भी अधिक महंगे और कीमती है, इसलिए इनकी देखभाल बहुत जरूरी है. इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरतें अन्यथा जानलेवा बीमारियां शरीर में प्रवेश कर सकती है. यह कहना है दंत चिकित्सक प्रो. डॉ.सुरेंद्र दिल्लीवाल का. वे श्री बालाजी गणेश मारवाड़ी कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के सभागार में प्राथमिक कक्षा के बच्चों को स्वस्थ मुख दांत अभियान के अंतर्गत कार्यक्रम में संबोधित कर रहे थे. कार्यक्रम का आयोजन रोटरी क्लब ऑफ इंदौर सेंट्रल द्वारा आयोजित किया गया था. आपने आगे कहा कि दांत मनुष्य का आजीवन साथ दे सकते हैं बशर्ते दांतों को सुबह और रात्रि में भोजन के पश्चात रोज साफ करे. दांत में किसी भी प्रकार की समस्या आने पर अपने दंत चिकित्सक से परामर्श जरूर करे. प्रवीण जोशी ने बताया कि क्लब के सचिव पुरुषोत्तम वाघमारे विशेष अतिथि थे। संचालन विद्यालय की प्रभारी चेतना जोशी ने किया.

## एमएसएमई के लिए अवसर व चुनौतियों पर चर्चा



**इंदौर**. शहर की एमएसएमई के लिए एक्सिस बैंक ने अपनी कई शहरों में चलने वाली ज्ञान श्रृंखला इवॉल्व का 10वां संस्करण आयोजित किया. कार्यक्रम में उद्यमियों, उद्योग नेताओं और नीति विशेषज्ञों ने भाग लिया, जहां 'एमएसएमई- 10 ट्रिलियन डॉलर वाली भारतीय अर्थव्यवस्था की ताकत' विषय के अंतर्गत भारत के एमएसएमई परिदृश्य में उभरते अवसरों और चुनौतियों पर चर्चा हुई. 120 से अधिक एमएसएमई प्रोमोटर्स और संस्थापकों की मौजूदगी वाले इस सत्र ने भारत की अगली विकास यात्रा-आज की 4.1 ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था से 2032 तक 10 ट्रिलियन डॉलर तक पहुंचने के लिए आवश्यक मार्गों और चुनौतियों पर विचार-विमर्श का मंच प्रदान किया. कार्यक्रम में विजय शेट्टी, प्रेसिडेंट एवं हेड कमर्शियल बैंकिंग ग्रुप, एक्सिस बैंक, और प्रशांत टी.एस., प्रेसिडेंट एवं हेड - मिड कॉरपोरेट्स एवं मीडियम एंटरप्राइज़ेज ग्रुप, एक्सिस बैंक द्वारा एमएसएमई इकोसिस्टम और बैंक के फोकस पर विस्तृत प्रस्तुति दी गई. इसके बाद पैनल चर्चा हुई, जिसमें क्षेत्र में उभरते अवसरों और विकास रुझानों पर अपने अनुभव साझा किए. इवॉल्व के माध्यम से एक्सिस बैंक छोटे उद्योगों को ऐसे तरीके और सुझाव देता है, जिनसे वे अपना काम बेहतर कर सकें, नई तकनीक अपना सकें और अपने व्यवसाय को ज़्यादा लोगों तक पहुंचा सकें। श्री शेट्टी ने कहा कि हमारा लक्ष्य है कि हम छोटे उद्योगों को बेहतर वित्तीय सेवाएँ, जरूरी जानकारी और तकनीकी मदद देकर मजबूत बनाएं. इवॉल्व कार्यक्रम के जरिए हम व्यवसायियों के साथ मिलकर नए मौके पैदा करना चाहते हैं और भारत को 10 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने के लक्ष्य में योगदान देना चाहते हैं.

## नि:शुल्क नेत्र शिविर का आयोजन



**इंदौर**. जैन श्वेताम्बर सोशल ग्रुप सीनियर सिटीजन, चोइथराम नेत्रालय के संयुक्त तत्वाधान में सुनकर समाज की धर्मशाला जबरन कॉलोनी पर नेत्र शिविर लगा ग्रुप के अध्यक्ष सुरेश देशलहरा और शिविर संयोजक अनोखीलाल जैन ने बताया कि इस शिविर में 185 मरीजों ने लाभ लिया, 24 मरीजों का मोतियाबिंद ऑपरेशन हेतु चयन किया गया जिनके ऑपरेशन नि:शुल्क होंगे. जरूरतमंद को 96 चश्मे रियायती दरों पर दिए गए. इस शिविर के लाभार्थी भंडारी परिवार इंदौर है ग्रुप के समाज सेवी, अशोक सोजतिया, महेश डाकोंलिया, राजेन्द्र भटेवरा, किरण संचेती, अरविन्द चौधरी डॉ. जितेन्द्र पारख, सुभाष गोखरू, पारस कटारिया, आनंदी लाल जैन, भंवरलाल कासवा, महेंद्र राक, कैलाश नाहर, चंद्र कुमार फतेहपुरीया, प्रदीप मौर्य, राजाराम सोनकर आदि सहयोग रहा.

# खाद्य सामग्री के मिलावटखोरों पर होगी सख्त कार्रवाई

**कलेक्टर की अध्यक्षता में जिला सलाहकार समिति की बैठक**

**स्ट्रीट फूड वेंडर्स का होगा प्रशिक्षण, सर्टिफिकेशन पर दिया जाएगा ध्यान**



**इंदौर**. कलेक्टर शिवम वर्मा की अध्यक्षता में सोमवार को खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम के तहत गठित जिला स्तरीय सलाहकार समिति की महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई. बैठक में कलेक्टर शिवम वर्मा ने कहा कि यह सुनिश्चित किया जाए कि उपभोक्ताओं को उच्च गुणवत्ता, उचित मानक और पूर्ण रूप से शुद्ध खाद्य सामग्री प्राप्त हो. खाद्य सामग्री में मिलावट करने वालों के विरूद्ध सख्त कार्रवाई की जाए. यह कार्रवाई लगातार अभियान चलाकर की जाए.

कलेक्टर ने स्पष्ट कहा कि मिलावटखोरों पर अब तक दर्ज मामलों के साथ-साथ आगे भी सबसे सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी. बताया गया कि जिले में स्थित खाद्य प्रतिष्ठानों का सतत निरीक्षण एवं नमूना कार्रवाई की जा रही है, एफएसएसएआई द्वारा प्रदत्त किए गए आरबीआईएस निरीक्षण अनुसार हाई रिस्क प्रतिष्ठानों का प्राथमिकता क्रम में निरीक्षण किया जा रहा है.

विगत एक जुलाई 2025 से अब तक कुल 576 निरीक्षण किये गए तथा कुल 1392 नमूने जाँच हेतु लिए गए। दूध एवं दुग्ध उत्पाद के कुल 236 नमूने लिए गए है। बताया गया कि संबंधित आरोपियों के विरूद्ध प्रकरण दर्ज किए गए हैं. नमूनों के विश्लेषण की प्रक्रिया जारी है. दोषी पाए जाने पर सख्त कार्रवाई होगी.

बैठक में अपर कलेक्टर रोशन राय, जिला खाद्य सुरक्षा अधिकारी मनीष स्वामी सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद थे. बैठक में अधिकारियों ने बताया कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्देशानुसार इंदौर जिले में मिलावट के खिलाफ लगातार सख्त कार्रवाई की जा रही है.

### मानकों की जानकारी फूड वेंडर्स तक पहुंचाएं

कलेक्टर ने कहा कि इंदौर भोजन और स्ट्रीट फूड संस्कृति के लिए प्रसिद्ध शहर है, इसलिए आवश्यक है कि हर स्थान पर उपभोक्ताओं को उचित मानक और उच्च गुणवत्ता वाला खाद्य पदार्थ उपलब्ध कराया जाए. इसी उद्देश्य से जिले में कार्रवाई के साथ-साथ अवेयरनेस गतिविधियों पर भी विशेष जोर दिया जाएगा. कलेक्टर वर्मा ने निर्देश दिए कि फूड सेफ्टी के मानकों की जानकारी सभी स्ट्रीट फूड वेंडर्स तक पहुंचाई जाए. उन्होंने कहा कि शहर के हर स्ट्रीट वेंडर को उचित गुणवत्ता बनाए रखने हेतु ट्रेनिंग, जागरूकता कार्यक्रमों और सर्टिफिकेशन की प्रक्रिया से जोड़ा जाएगा.

# सीएम हेल्पलाइन के निराकरण में लापरवाही स्वास्थ्य विभाग लेखापाल को शोकाज नोटिस

## कलेक्टर की अध्यक्षता में टीएल बैठक संपन्न

**इंदौर.** कलेक्टर शिवम वर्मा की अध्यक्षता में आज इंदौर कलेक्टर कार्यालय में समय सीमा (टीएल) के पत्रों के निराकरण और अंतर विभागीय समन्वय समिति की बैठक आयोजित हुई. बैठक में कलेक्टर ने कहा कि मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार शासकीय योजनाओं का लाभ समय पर आमजन को मिले और सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों का सुचारू निराकरण हो, यह जिला प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है. सभी अधिकारी इस दिशा में पूर्ण गंभीरता और संवेदनशीलता के साथ तेजी से कार्य करें.

बैठक में अपर कलेक्टर नवजीवन विजय पवार, स्मार्ट सिटी के सीईओ अर्थ जैन, अपर कलेक्टर रोशन राय तथा रिंकेश वैश्य सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित थे. बैठक में कलेक्टर श्री शिवम वर्मा ने सीएम हेल्पलाइन के तहत दर्ज प्रकरणों के निराकरण की विभागीयवार समीक्षा की. उन्होंने रैण्डम रूप से लंबित प्रकरणों के आवेदकों से रूबरू चर्चा कर उनका निराकरण सुनिश्चित किया. उन्होंने आवेदक रितेश मोरे से चर्चा की. श्री मोरे ने बताया कि उनकी बहन का निधन हो गया है, वह स्वास्थ्य विभाग की कर्मचारी थी. लंबे समय से उनके बकाये का भुगतान स्वास्थ्य विभाग द्वारा नहीं किया जा रहा है. बताया गया कि कुछ औपचारिकताएं शेष रहने से भुगतान नहीं हुआ है. कलेक्टर श्री वर्मा ने कहा कि औपचारिकताएं पूर्ण कराना हमारा दायित्व है. प्रकरण में लापरवाही मिलने पर लेखापाल को शोकाज नोटिस जारी करने के निर्देश दिए. मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को निर्देशित किया कि अगले सात दिन में औपचारिकताएं पूर्ण कर भुगतान सुनिश्चित किया जाए. इसी तरह उन्होंने तीन अन्य प्रकरणों की भी समीक्षा कर अगले सात दिवस में निराकरण सुनिश्चित करने हेतु अधिकारियों को निर्देशित किया.

# रिश्वतखोर राजस्व उपनिरीक्षक को तीन साल की सजा

**नामांतरण और मकान अनुमति के बदले लेता था घूस**

**लोकायुक्त ट्रैप के बाद विशेष न्यायालय ने सुनाया सश्रम कारावास**

नव भारत न्यूज

**इंदौर. नगर परिषद छनेरा नया हरसूद में पदस्थ रहे राजस्व उप निरीक्षक को रिश्वत लेने के मामले में दोषी पाते हुए विशेष न्यायालय ने कठोर सजा सुनाई है. विशेष न्यायाधीश, भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम खंडवा अरविंद सिंह टेकाम की अदालत ने अभियुक्त किशनलाल चैतमल को तीन साल का सश्रम कारावास एवं 20 हजार रुपए के अर्थदंड से दंडित किया.**

न्यायालय ने लोकायुक्त द्वारा प्रस्तुत साक्ष्यों को प्रमाणित मानते हुए यह फैसला सुनाया. अभियोजन की ओर से एडीपीओ खंडवा एवं मीडिया सेल प्रभारी हरिप्रसाद बांके ने अदालत में पक्ष रखा था, कोर्ट ने माना कि अभियुक्त ने शासकीय पद का दुरुपयोग करते हुए फरियादी से रिश्वत की मांग की और उसे स्वीकार भी किया. सजा सुनाए जाने के बाद आरोपी को जेल भेज दिया, यह फैसला सरकारी कार्यों में भ्रष्टाचार के खिलाफ कड़ा संदेश माना जा रहा है.

# लापता युवक की मौत पर उठ रहे सवाल

- **शादी से पहले मिली लाश, मोबाइल टूटा मिला, सामान गायब**
- **परिजन आत्महत्या मानने को तैयार नहीं, जांच में जुटी पुलिस**

नव भारत न्यूज

**इंदौर.** सांवेर क्षेत्र से लापता हुए युवक की मौत का मामला अब उलझता जा रहा है. शव मिलने के बाद जहां पुलिस इसे आत्महत्या की दिशा में देख रही है, वहीं परिजन इस थ्योरी को सिरे से खारिज कर रहे हैं. परिवार का कहना है कि हालात और घटनाक्रम किसी बड़ी अनहोनी की ओर इशारा कर रहे हैं. बहरहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है.

मामला भवानी नगर सांवेर से लापता हुए महावीर चुण्डावत का है, जो मूल रूप से राजस्थान के राजसमंद का रहने वाला था. 10 दिसंबर को उसकी शादी तय थी. वह खुद शादी की तैयारियों में जुटा हुआ था. वह 30 नवंबर की रात इंदौर से अपने घर राजसमंद के लिए निकला था, लेकिन 8 दिसंबर को उसका शव झारखंड के रामगढ़ थाना क्षेत्र में मिला. जिससे परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा और शादी की खुशियां गम में बदल गईं. महावीर का शव मिलने की सूचना पर उसका भाई मानवीर अकेला ही रामगढ़ पहुंचा. वहां पुलिस ने बताया कि मृतक के पास केवल वही कपड़े थे, जो उसने पहने हुए थे. न तो उसके दस्तावेज मिले और न ही वह सामान, जिसे वह कमरे से घर ले जाने के लिए निकला था. उसका मोबाइल भी टूटा हुआ मिला, जिसकी पहचान ईएमआई नंबर के आधार पर की गई थी. इसी के जरिए पुलिस ने परिवार से संपर्क किया था.

### महावीर की अंतिम लोकेशन का पता लगा रही पुलिस

रामगढ़ पुलिस ने मौके से जहर की गोलियां मिलने की बात कही है, लेकिन पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही कुछ कहा जा सकेगा. डॉक्टरों ने रिपोर्ट तैयार होने में करीब दस दिन का समय लगने की बात कही है. परिजनों का कहना है कि महावीर जहर का सेवन नहीं कर सकता, उसके साथ जरूर कुछ गलत हुआ है. वहीं मामले में अधिकारियों का कहना है कि अब महावीर की अंतिम लोकेशन खंगालने के साथ ही स्थानीय लोगों से पूछताछ की जा रही है, ताकि यह स्पष्ट हो सके कि वह झारखंड तक कैसे पहुंचा. परिजनों को भी पुलिस ने पूछताछ के लिए बुलाया है. परिवार ने दोबारा झारखंड जाने की बात कही है.

### परिजन बोले... महावीर सुसाइड नहीं कर सकता

परिजनों का यह भी कहना है कि महावीर आत्महत्या नहीं कर सकता. भाई मानवीर ने पुलिस को बताया कि आखिरी बार उसकी बात पिता से हुई थी, जिसमें उसने कहा था कि वह एक दिसंबर की सुबह तक घर पहुंच जाएगा. इससे पहले 26 नवंबर को उसने बहन से भी बात कर शादी के लिए पसंद के कपड़े खरीदने को कहा था. परिवार का दावा है कि वह बहुत खुश था, ऐसी स्थिति में आत्महत्या की कोई वजह नहीं बनती.

# समाज में सकारात्मक परिवर्तन की शुरूआत होती है युवाओं से

## ड्रग्स मुक्त मध्यप्रदेश एवं सड़क सुरक्षा अभियान का शुभारंभ



**इंदौर. रविवार शाम प्रेस्टीज कॉलेज में ड्रग्स मुक्त मध्यप्रदेश एवं सड़क सुरक्षा को लेहैकर मालवा टॉकीज द्वारा आयोजित यूथ फॉर चेंज अभियान का शुभारंभ बॉलीवुड अभिनेत्री अदा शर्मा की में किया गया. इस अवसर पर युवाओं को जागरूक करने हेतु रॉक बैंड द्वारा प्रभावशाली प्रस्तुति दी गई.**

कार्यक्रम के दौरान अभिनेत्री अदा शर्मा ने महिला ढोल समूह के साथ ढोल बजाकर उत्साहपूर्वक नृत्य किया. इसके पश्चात एक वीडियो रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया, जो विभिन्न क्षेत्रों में जाकर नशामुक्ति, सड़क सुरक्षा एवं सामाजिक जागरूकता से जुड़ी शॉर्ट फिल्मों एवं संदेशों का प्रसारण करेगा।

अदा शर्मा ने युवाओं से संवाद करते हुए उन्हें ड्रग्स से दूर रहने, सुरक्षित जीवनशैली अपनाने तथा सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करने की अपील की. उन्होंने कहा कि समाज में सकारात्मक परिवर्तन की शुरुआत युवाओं से होती है.

इस अवसर पर मालवा टॉकीज के बैनर तले निर्माता राजेंद्र राठौर द्वारा निर्देशित शॉर्ट फिल्म जस्ट वन्स का प्रीमियर अतिथियों एवं युवाओं के बीच किया गया,. फिल्म में दिखाया गया कि युवां किस तरह से ड्रग्स की लत में पड़ जाते हैं और अपना जीवन बर्बाद कर लेते हैं. कार्यक्रम में मोटिवेशनल स्पीकिंग एपिकॉन के डायरेक्टर असित पाठक द्वारा प्रेरणादायी संबोधन दिया गया.

### ड्रग्स के खिलाफ संकल्प दिलाया

मुख्य अतिथियों में आनंद दुबे, गणेश घोलप, प्रेस्टीज इंस्टीट्यूट चेयरमैन डॉक्टर देवीश जैन, यशवंत सिंह बुंदेला दिग्गी राजा, रक्षित शर्मा, मानव अधिकार संगठन मध्यप्रदेश अध्यक्ष इंद्रजीत मल्होत्रा, सुखविंदर सिंह मुकेश जोशी प्रदीप साहू लादी वीर इंदौर द्वारा अदा शर्मा को समाज की ओर से शक्ति के रूप में तलवार भेंट की गई. इंदौर इवेंट कोऑर्डिनेटर विवेक पांडे द्वारा युवाओं को ड्रग्स के खिलाफ संकल्प दिलाया गया. हु लीइव कंपनी की डायरेक्टर रश्मि मिश्रा एवं सुनील शर्मा का विशेष सहयोग रहा. आयोजक राजन राठौड़ ने बताया कि यह पहला कार्यक्रम इंदौर से शुरू किया जा रहा है प्रत्येक संभाग में कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे और इस कार्यक्रम का प्रदेश का समापन भोपाल में होगा.

# अनिका की मदद के लिए फिल्मी हस्तियां आईं आगे

नव भारत न्यूज



**इंदौर.** गंभीर बीमारी से जूझ रही मासूम अनिका शर्मा की मदद के लिए अब फिल्मी हस्तियां भी आगे आने लगी हैं. अनिका के महंगे इलाज के लिए जब उम्मीदें कमजोर पड़ने लगीं थी, तब इंदौर की जनता ने इस संघर्ष को नया संबल दिया. अब इस मानवीय अभियान से देश की जानी मानी हस्तियां भी जुड़ने लगी हैं.

अभियान से जुड़े अनिश पांडे ने बताया कि अनिका शर्मा एक दुर्लभ बीमारी से पीड़ित है, जिसके इलाज के लिए करोड़ों रुपए के इंजेक्शन की जरूरत है. सीमित आर्थिक संसाधनों के कारण परिवार लगातार संकट से जूझ रहा है. ऐसे में इंदौरवासियों ने आगे बढ़कर जनसहयोग का बड़ा अभियान शुरू किया, जिसने अब देशभर का ध्यान खींच लिया है. इस अभियान को उस वक्त और मजबूती मिली, जब लोकप्रिय टीवी रियलिटी शो बिग बॉस की पहचान बन चुके मशहूर वॉइस आर्टिस्ट विजय विक्रम सिंह ने अनिका के लिए अपनी आवाज उठाई. उन्होंने सोशल मीडिया के माध्यम से भावुक अपील करते हुए कहा कि एक मासूम की जिंदगी बचाने के लिए सभी सक्षम लोगों को आगे आना चाहिए और समय रहते परिवार का साथ देना चाहिए. इसके बाद फिल्म अभिनेता और समाजसेवी सोनू सूद ने भी अनिका के लिए मार्मिक अपील की, वहीं मशहूर प्लेबैक सिंगर पलक मुछाल ने भी बेबी अनिका के इलाज के लिए लोगों से सहयोग का आह्वान किया है.

### अभियान को नई ऊर्जा मिली

फिल्मी हस्तियों की संवेदनशील पहल से अभियान को नई ऊर्जा मिली है. परिजन उम्मीद लगाए बैठे हैं कि इंदौर की जनता और देशभर से मिल रहा सहयोग उनकी बच्ची के जीवन की डोर को मजबूत करेगा. इंदौर एक बार फिर साबित कर रहा है कि जब



# पीएम मित्र पार्क के 24 हितग्राहियों को सौंपे मकान

नव भारत न्यूज

**इंदौर.** धार जिले के बदनावर तहसील में पीएम मित्र पार्क की जमीन के विस्थापितों को एमपीआईडीसी ने पक्के मकान सौंपे और उनको विधिवत गृहप्रवेश करवाया. एमपीआईडीसी ने करीब 24 परिवारों को मकान की चाबियां सौंपी. धार जिले के भैंसोला ग्राम में विकसित हो रहे पीएम मित्र पार्क की जमीन के बीच में स्थित 89 परिवारों को एमपीआईडीसी द्वारा पास में ही विकसित कॉलोनी में शिफ्ट किया जा रहा है. विस्थापितों को एमपीआईडीसी हर परिवार को पक्के मकान सौंप रही है. आज प्रथम चरण में 24 परिवारों को मकान सौंप दिए गए है. विस्थापितों के लिए 13.48 करोड़ रुपए में उक्त कॉलोनी विकसित की जा रही है. प्रत्येक निर्माणाधीन मकान की लागत लगभग 6 लाख रुपए है. अप्रैल 2026 तक परियोजना पूरी कर ली जाएगी. सभी हितग्राहियों को चरणबद्ध तरीके से मकान सौंपे जाएंगे. 140 विकसित भू-खण्ड अन्य विस्थापन कार्यों हेतु उपयोग में लिए जाएंगे. एमपीआईडीसी कार्यकारी संचालक हिमांशु प्रजापति की उपस्थिति में विधि-विधान के साथ पूजा अर्चना कर हितग्राहियों का गृह प्रवेश करवाया गया. कार्यक्रम में स्थानीय सरपंच, मण्डल अध्यक्ष, तहसीलदार और एमपीआईडीसी के अधिकारी उपस्थित थे.

**एक नजर में** दिव्य संतान प्रकल्प की संगोष्ठी संपन्न, सर्व समाज की रही सहभागिता

# गर्भ धारण के समय ही संस्कार की शुरूआत करेंगे तो दिव्य संतान मिलेगी ही



**इंदौर. सनातन संस्कृति में गर्भधारण संस्कार को विशेष महत्व दिया गया है और समाज को श्रेष्ठ नागरिक देना है तो इसकी शुरुआत गर्भ धारण के समय संस्कार से करना करना होगी. यह हमारी संतान संस्कृति का प्रमुख अंग है. आज इसे जन सामान्य के सामने गर्भ संस्कार विषय के बारे में जागरूक करने की आवश्यकता है.**

यह बात विशेष संगोष्ठी में वक्ताओं नेकही. दिव्य संतान प्रकल्प के राष्ट्रीय संयोजक डॉ योगेंद्र महंत ने बताया विशेष संगोष्ठी सर्व समाज के बीच की गई, राजपूत, ब्राह्मण, यादव, जैन, अग्रवाल आदि सभी समाजजनों ने संकल्प लिया कि गर्भस्थ माता को शुरू से संस्कारों के बारे में जाकरुक किया जाएगा. गांधी हाल के समीप अभिनव कला समाज के हाल में संपन्न हुई विषय गोष्ठी पर बड़ी संख्या में लोगों नेसहभागिता की. 1 फरवरी को होने वाले पुस्तक विमोचन समारोह की तैयारी बैठक संपन्न हुई. इस अवसर पर शिक्षाविदों और समाज के प्रबुद्ध जनों ने वेद विज्ञान के माध्यम से श्रेष्ठ संतति के निर्माण पर गहन मंथन किया. संगोष्ठी को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि आज समाज में व्याप्त सभी समस्याओं का समाधान केवल एक श्रेष्ठ नागरिक ही है. एक बेहतर समाज के निर्माण के लिए यह अत्यंत आवश्यक है कि हमारी आने वाली संताने स्वस्थ, संस्कारित और दिव्य गुणों से परिपूर्ण हों.

### आचरण श्रेष्ठ करना होगा...

डॉ. अनिल गर्ग, ने वीडियो प्रेजेंटेशन के माध्यम से पुस्तक की रूपरेखा प्रस्तुत की. अध्यक्षता राधेश्याम शर्मा गुरुजी ने की. मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. प्रमोद नीमा और डॉ. विनीता कोठारी मंच पर आसीन थे. सभी अतिथियों और श्रोताओं ने दिव्य संतान की अवधारणा को समाज में यथाशक्ति प्रसारित करने की शपथ भी ली. अतिथियों का स्वागत रेणुका शर्मा, गुलशन यादव, सरस्वती पेंढ़ारकर, चंद्र मोहन दुबे, मनीष निगम एवं अन्य गणमान्य नागरिकों ने किया. संचालन दिनेश दवे ने किया. राष्ट्रीय संयोजक पं योगेंद्र महंत एवं डॉ अनिल गर्ग ने अपने संबोधन में कहा कि हमें संस्कारवान संतान चाहिए तो परिवार और माता-पिता को भी गर्भधारण से पूर्व ही अपने आचरण में संशोधन या श्रेष्ठतम करना होगा.